

# कभी भी बांधें राखी, नहीं रहेगी भद्रा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अगस्त.** रक्षाबंधन 9 अगस्त को है। रक्षाबंधन के अवसर पर बहन अपने भाई को शुभ मुहूर्त में राखी बांधती है और उसके सुखी जीवन की कामना करती है। भाई को मिठाई खिलाती है और उपहार देती है। भाई भी बहन को रक्षा का वचन देते हैं और उपहार देकर उन्हें खुश करते हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि गुलिक काल: इस साल रक्षाबंधन पर गुलिक काल सुबह में 5 बजकर 47 मिनट से सुबह 7 बजकर 27 मिनट तक है। गुलिक काल का संबंध शनि ग्रह से है। इसकी कुल अवधि लगभग 90 मिनट या उससे कम या ज्यादा हो सकती है। इसका शुभ और अशुभ दोनों ही प्रभाव हो सकता है। यह पूर्ण रूप से न तो अशुभ है और न ही पूरी तरह से शुभ है।

**राखी की दुकानों पर लग रही भीड़, खूब हो रही खरीददारी**

**रक्षाबंधन शुभ मुहूर्त-** इस बार रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से शुरू हो रहा है जो दोपहर में 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगा। बाण को भी अशुभ फलदायी माना जाता है। बाण का अर्थ हानि, संकट, विपदा से है। बाण में गृह प्रवेश, विवाह, नए व्यवसाय का शुभारंभ, कोई बड़ा फैसला, जोखिम पूर्ण काम नहीं करते हैं।

**इनका कहना**



बारिश ने दुकानदारी का माहौल बिगाड़ दिया था क्योंकि हम अपनी दुकान फुटपाथ पर लगाते है अब कुछ दिन से मौसम साफ हो गया है अब ग्राहकी हर रोज बढ़ रही है इसी तरह मौसम मेहरवान रहा तो इसबार दुकानदारी बहुत अच्छी रहेगी।

**श्याम प्रजापति**
**दुकानदार**



## आज आएंगे मितेन्द्र दर्शन सिंह स्टेशन पर होगा भव्य स्वागत

**ग्वालियर 2 अगस्त.** भारतीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव मितेंद्र दर्शन सिंह आज 3 अगस्त को शाम 5 बजे वंदे भारत से ग्वालियर आएंगे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। वहां से वह स्टेशन बजरिया, गोले का मंदिर पिंटो पार्क टंकी तिराह होते हुए अपने निवास पिंटो पार्क जाएंगे, जहां रास्ते में जगह-जगह शहर के युवा और कांग्रेस जन द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा।

## भाजपा की जिला बैठक मुखर्जी भवन में आज

ग्वालियर 2 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर की बैठक 3 अगस्त को दोपहर 11 बजे मुखर्जी भवन में आयोजित की गई है। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने दी।

# श्रीजी एवं जीवाजी क्लब के गरबा-डांडिया महोत्सव की प्रेक्टिस 17 से

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अगस्त.** श्रीजी इवेंट एंड प्लानर्स और जीवाजी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गरबा-डांडिया सीजन 2 0 की घोषणा आज श्रीजी इवेंट के नितिन अग्रवाल और केतन करण अग्रवाल ने की। श्रीजी इवेंट एंड प्लानर गरबा-डांडिया महोत्सव के रजिस्ट्रेशन अब आन लाइन तथा जीवाजी क्लब और श्रीजी इवेंट्स एवं प्लानर्स के इंस्टाग्राम पेज पर उपलब्ध है।

**गरबा-डांडिया महोत्सव के रजिस्ट्रेशन अब ऑनलाइन किए जा रहे**



श्रीजी इवेंट एंड प्लानर्स के नितिन अग्रवाल और प्रमोटर केतन अग्रवाल ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि इस बार गरबा और डांडिया में जहां कई बालीवुड की नामी गिरामी हस्तियां शिरकत करेंगी। वहीं गरबा और डांडिया की प्रेक्टिस 17 अगस्त से जीवाजी क्लब में शुरू होगी। उन्होंने बताया कि प्रेक्टिस के प्रत्येक रविवार को सेलेक्टेड प्रतिभागी को उपहार भी वितरित किये जायेंगे। अग्रवाल बंधुओं ने बताया कि गरबा -डांडिया महोत्सव 2025 एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन है। जो परंपरा और आधुनिकता का संगम प्रस्तुत करता है यह आयोजन खासतौर पर नवरात्रि के समय उल्लास और उमंग से मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि गरबा डांडिया का तीन दिवसीय उत्सव सप्तमी से शुरू होगा इसमें अनेक आकर्षक पुरस्कार जैसे ड्रेस कोड, आदि स्पर्धा के वितरित किये जायेंगे इसमें लाइव गरबा बैंडस एवं डीजे, सेलिब्रिटी मेहमान, पारंपरिक थीम और रंग बिरंगा डेकोर, डांडिया प्रतियोगिताएं व शानदार पुरस्कार, ड्रेस कोड और डिजायनर थीम नाइटस, फूड फेस्ट, शापिंग, और अन्य सांस्कृतिक स्टाल के साथ फैमिली व किड्स जोन भी लगाये जायेंगे। वहीं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर फाइटस उपकरण भी मौके पर रखे जायेंगे।

अग्रवाल बंधुओं ने बताया कि इस अवसर पर सुरक्षा तथा चिकित्सा की इमरजेंसी सुविधाएं भी होंगी। जिसमें एक सीनियर और एक जूनियर चिकित्सक तीनों दिन रहेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि के रूप में राजनेता सांस्कृतिक, प्रशासनिक तथा सामाजिक क्षेत्र के प्रमुख आकर शोभा बढायेंगे। जीवाजी क्लब के परेश मिश्रा ने बताया कि गरबा डांडिया का भव्य आयोजन होगा और इसे और आकर्षक बनाया जायेगा।

कार्यक्रम में बाघ बकरी चाय की ओर से स्टाल लगाया जायेगा। वहीं गहना सहित अन्य सह प्रायोजकों के भी स्टाल लगाये जायेंगे इस अवसर पर कोरियोग्राफर मुकेश ने बताया कि उनके द्वारा प्रेक्टिस 17 से कराई जाएगी साथ ही प्रयास किया जाएगा कि गरबा डांडिया पूरी तरह से बालीवुड ना बने उसमें मां की भक्ति को समाहित किया जाएगा। इस अवसर पर हिमानी, निधि ने भी अपने विचार रखे।

# कार न देने पर बहू को करते थे प्रताड़ित, फांसी पर झूली

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अगस्त.** दहेज में कार न मिलने के कारण ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित की जा रही बहू ने तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना 8 जुलाई को बेलगढ़ा थाना क्षेत्र के ग्राम टिकोली की है। पुलिस ने जांच करने के बाद आरोपी ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज एक्ट का मामला कायम कर लिया है। ससुराल पक्ष फरार है। राजीव गांधी आवास महलगांव में रहने वाले कालीचरण जोशी ने अपनी बेटी शिवानी जोशी की शादी बेलगढ़ा निवासी कपिल जोशी पुत्र विनोद जोशी के साथ की थी। शादी में कालीचरण ने अपनी हैसियत के अनुसार बेटी को घर-गृहस्थी का पूरा सामान दिया था, लेकिन ससुराल वाले दहेज में कार न मिलने से नाखुश थे। ससुराल पहुंची शिवानीजोशी को इसी बात को लेकर रोज ताने दिए जाने लगे और प्रताड़ित किया जाने लगा। रोज-रोज की कलह से शिवानी बुरी तरह तंग आकर टूट गई और उसने आत्महत्या करने का निर्णय ले लिया। शिवानी जोशी ने 8 जुलाई को साड़ी का फंदा बनाकर छत के पंखे से झूल गई। फांसी लगाने से शिवानी की कुछ देर बाद मौत हो गई। बेलगढ़ा पुलिस ने शिवानी के पिता कालीचरण जोशी की रिपोर्ट पर शिवानी के पति कपिल जोशी, ससुर विनोद जोशी, सास उर्मिला जोशी तथा बेटे मनोज जोशी के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया।

# स्वयं सिद्धा सावन की फुहार, मेले का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अगस्त.** मध्य प्रदेश लघु उद्योग भारती के प्रांतीय अध्यक्ष सोबरन सिंह तोमर की अध्यक्षता में लघु उद्योग भारती महिला इकाई ग्वालियर द्वारा स्वयं सिद्धा सावन की फुहार मेले का आयोजन जीवाजी क्लब में किया गया जिसमें महिलाओं ने स्वयं निर्मित वस्तुओं की 42 स्टाल लगाए कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत गूंज फाउंडेशन एवं 90.8 एफएम की संचालिका कृती सिंह ने किया कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी श्रीमती शेफाली कौशिक, आदेश बंसल उपस्थित थे, प्रांत महिला सहप्रभारी कविता जैन, प्रांत के संयुक्त सचिव निर्मल चौहान, गोपाल मोटवानी महावीर बंसल श्रीमती



खुशबू गुप्ता संदीपा मल्होत्रा मुनेंद्र सिंह कुशवाहा माधव विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर नीति पांडे महिला इकाई की अध्यक्ष आभा तोमर, सचिव आभा अग्रवाल कोषाध्यक्ष साधना कपूर, उपसचिव लेखिता सिंहल, श्रीमती नीलिमा शिंदे श्रीमती स्वाति अग्रवाल मधुलिका तोमर सेंट्रल बैंक से अनीता शर्मा एवं इकाई के सदस्य उपस्थित थे।

**मेले में आयात निर्यात पर कार्यशाला-** एमपीआईडीसी से सौरव कपूर बैंक से ऋण कैसे प्राप्त किया जा सकता है नागरिक सहकारी बैंक से श्रीमती दीपा जी मध्य प्रदेश सरकार की महिलाओं के लिए उद्योग नीति बताने के लिए जिला उद्योग केंद्र असिस्टेंट मैनेजर अल्ताफ जी साइबर क्राइम से रोकथाम। के लिए जितेंद्र सिंह चंदेल गिर्राज जी दानी महिला इकाई सदस्य उपस्थित स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए शपथ दिलाई स्वाति अग्रवाल बीजेपी महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष ने पौधों का वितरण किया।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का वितरण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 2 अगस्त.** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत वाराणसी से किसानों के खाते में 20वी किस्त के रूप में 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को 20 हजार 500 करोड़ रूपए की सम्मान राशि अंतरित की। ग्वालियर जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में ग्वालियर के एक लाख 13 हजार471 किसानों के खाते में 22 करोड़ 69 लाख 42 हजार रूपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से डाली गई।

**ग्वालियर जिले में 22 करोड़ 69 लाख 42 हजार की राशि अंतरित**




ग्वालियर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम समन्वयक शैलेन्द्र कुशवाह, उप संचालक कृषि आर बी जाटव, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जैन एवं कृषकगण उपस्थित थे।



# माताओं ने बताए अनुभव, डॉक्टरों ने किया समाधान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अगस्त.** कमलाराजा अस्पताल में मनाए जा रहे स्तनपान सप्ताह के दूसरे दिन शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू) एवं मदर वार्ड में माताओं की जागरूकता एवं परामर्श सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का नेतृत्व बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अजय गौर के मार्गदर्शन में डॉ. सुनीता प्रसाद, डॉ. नीतू अग्रवाल एवं डॉ. अवधेश वर्मा ने किया। इस दौरान माताओं को स्तनपान से संबंधित सामान्य समस्याएं जैसे स्तनों में सूजन, निप्पल में दरार, दूध की कमी, शिशु की सही पकड़ न बन पाना, मानसिक तनाव आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सही स्तनपान तकनीक, स्वच्छता, संतुलित आहार एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के सुझाव दिए गए। खास बात यह रही कि माताओं ने भी इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने अनुभव साझा करते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों से समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्तनपान के महत्व को उजागर करना एवं माताओं को इससे जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक कर समाधान उपलब्ध कराना रहा।

**केआरएच में स्तनपान सप्ताह के दूसरे दिन हुआ परामर्श सत्र**

# एमिटी विवि में बिग डेटा विश्लेषण हेतु गणितीय आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 2 अगस्त.** एमिटी विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश के एप्लाइड मैथेमेटिक्स विभाग द्वारा बिग डेटा विश्लेषण हेतु गणितीय आधार विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST), भोपाल द्वारा प्रायोजित था।

इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को बिग डेटा के क्षेत्र में प्रयुक्त प्रमुख गणितीय तकनीकों जैसे सांख्यिकी, फज़्ज़ी लॉजिक, रेखीय बीजगणित, अनुकूलन, स्वॉर्म इंटेलिजेंस, संख्यात्मक विधियाँ एवं गणितीय मॉडलिंग में दक्ष बनाना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत विषेश तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आमंत्रित विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। प्रमुख वक्ताओं में IIT इंदौर, IIIT सूरत, SA दिल्ली, BBAU लखनऊ और PDEU गांधीनगर जैसे संस्थानों के विद्वान शामिल रहे। उनके व्याख्यानों ने प्रतिभागियों को विषय की गहराई से समझ प्रदान की। देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से आमंत्रित सात विशेषज्ञ वक्ताओं ने व्याख्यान दिए।





डॉ. सुभाष कुमार यादव (बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ) ने बिग डेटा विश्लेषण में सांख्यिकी की भूमिका पर व्याख्यान दिया। डॉ. आनंद प्रताप सिंह (IIIT सूरत) ने फजी सेट थ्योरी पर रोचक सत्र लिया, जो डेटा की अनिश्चितता को समझने में सहायक है।

डॉ. अंकुर सिंह (पंडित दीनदयाल एनर्जी विश्वविद्यालय, गांधीनगर) ने रेखीय बीजगणित एवं सिंगुलर वैल्यू डिकम्पोजिशन (SVD) की व्याख्या की, जिसका उपयोग छवि संपीड़न व डायमेंशनलिटी रिडक्शन में होता है।डॉ. जगदीश चंद्र बंसल (साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली) ने स्वॉर्म ऑप्टिमाइज़ेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में इसके उपयोग पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किया।

आईआईटी इंदौर के प्रो. एस.के. सफीक अहमद ने संख्यात्मक रेखीय बीजगणित पर व्याख्यान दिया, वहीं प्रो. एम. तनवीर ने गहन शिक्षण (डीप लर्निंग) के माध्यम से अल्जाइमर रोग की पहचान हेतु गणितीय अनुकूलन तकनीकों को समझाया।

अंत में, डॉ. पुर्णेन्दु मिश्रा (ABV-IIITM ग्वालियर) ने गणितीय मॉडलिंग पर प्रकाश डालते हुए प्रीडेटर-प्रे सिस्टम्स तथा महामारी मॉडलिंग विषयपर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक सत्र, प्रश्नोत्तर एवं विचार-विमर्श का भी आयोजन हुआ, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायता मिली।

अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह में कुलपति प्रो (डॉ.) आरएस तोमर ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शोधार्थियों के ज्ञान वर्धन के लिए आवश्यक हैं। इंजीनियरिंग संस्थान के निदेशक डॉ विकास ठाडा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को शुभकामनाएं दीं। गणित विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार शर्मा ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों, आयोजन समिति और MPCST का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं सफल बताते हुए इसे विभाग की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# कारगिल युद्ध के नायकों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**ग्वालियर 2 अगस्त.** महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, ग्वालियर में 4 अगस्त को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कारगिल युद्ध के नायकों की बहादुरी एवं वीरता से युवाओं को परिचित कराने के लिए परिचर्चा तथा विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है. इस परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल नरेंद्र सिंह तोमर, सोल्जर बोर्ड ग्वालियर भागीदारी करेंगे. विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. एस.एम. अत्रे सेवानिवृत्त प्राध्यापक सैन्य विज्ञान एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आर. के. वैद्य सेवानिवृत्त प्राध्यापक सैन्य विज्ञान सम्मिलित होंगे. इस अवसर पर महाविद्यालय का शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ एवं महाविद्यालय के नियमित छात्र-छात्राएं भागीदारी करेंगे.

# एमआईटीएस में हुआ व्यास पूजन एवं गुरु शिष्य परम्परा पर व्याख्यान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 2 अगस्त.** माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, ग्वालियर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा व्यास पूजन एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन गुरु पूर्णिमा पर भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरु-शिष्य संबंध और नैतिक मूल्यों को उजागर करने हेतु हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एमिटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. एस. तोमर उपस्थित रहे। उन्होंने व्यास परंपरा और शिक्षकों की समाज में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, गुरु किसी भी सभ्य समाज की नींव होते हैं। वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि जीवन के मूल्यों की भी शिक्षा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने और जीवन में नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंकज नाफड़े ने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय परंपरा में व्यास जी की महत्ता और आधुनिक समय में उस परंपरा के प्रासंगिक स्वरूप पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत व्यास पूजन से हुई, जिसमें संस्थान के शिक्षकों, अधिकारियों और छात्रों ने सहभागिता की।

संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन एमआईटीएस ग्वालियर परिसर में किया गया। आयोजन का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक प्रज्ज्वल शर्मा, कृष्णा अग्रवाल एवं अन्य स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी दीप किशोर परसेडीया एवं सुरेंद्र चौरसिया ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया.

# स्वच्छता के प्रति अभियान चलाकर हर बच्चे को करें जागरूक : निगम आयुक्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 2 अगस्त.** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने आज शनिवार को स्वच्छता की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता के प्रति स्कूलों एवं हर सार्वजनिक जगह पर अभियान चलाकर युवा एवं बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। क्योंकि बच्चे अपने अभिभावकों को भी गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग डालने के लिए प्रेरित करेंगे। उक्त आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने स्वच्छता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए।

बाल भवन में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त मुनीष सिंह सिकरवार, उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, मुकेश बंसल, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी कार्यशाला पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, सहायक यंत्री श्रीमती शालिनी सिंह, राकेश कश्यप, सहायक नोडल



अधिकारी शैलेंद्र सक्सेना, स्वास्थ्य अधिकारी दीपेंद्र सेंगर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि केदारपुर एवं कचरा ट्रांसफर स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर एसबीएम के अंतर्गत जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनकी प्रगति की जानकारी दें। एसबीएम के अंतर्गत मशीनरी क्रय करने की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए की ऐसी मशीनरी खरीदी जाए जो प्रभावी हो तथा आमजन को उसका लाभ मिल सके। इसके लिए पूरा होमवर्क करें तथा 7 दिवस में रिपोर्ट तैयार करे कि कौन सी मशीन हमें क्रय करनी है जो आवश्यक है। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सभी कचरा ट्रांसफर स्टेशन व्यवस्थित तरीके से कम करें।

यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। रात्रि कालीन सफाई की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो भी संसाधन आवश्यक है उनको लगाए तथा रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था में सुधार दिखना चाहिए। वहीं शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।


**न्यायालय नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्वालियर-सिटी, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक-0002/अ-20(5)/2024-25 — ग्वालियर दिनांक 31/07/2025

**आम इश्तहार**

समस्त आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि आयुक्त, नगर निगम, ग्वालियर द्वारा ग्राम शंकरपुर के सर्वे क्र. 156 रकवा 2.7590 हेक्टेयर में से 1600 हेक्टेयर / वर्गमीटर का नगर निगम ग्वालियर को पी.एच.ई. विभाग ग्राम शंकरपुर में उच्च स्तरीय पानी की टंकी के निर्माण हेतु आवंटित किये जाने के संबंध में एक आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय जिला ग्वालियर को प्रस्तुत किया है। अतः उक्त भूमि के आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था अथवा अन्य जो भी इस प्रकरण में अपने आपको हितधारी समझता हो तो स्वयं अथवा अपने वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा न्यायालयीन समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 18/08/2025 तक अपना पक्ष समर्थन करें। नियत तिथि को उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। तत्पश्चात किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। यह सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 31/07/2025 को जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
एवं अनुविभागीय अधिकारी
ग्वालियर-सिटी

आरओ क्रमांक 524 दिनांक 01/08/2025


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95